**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2561**
**उत्तर देने की तारीख 07 अगस्त, 2024**

## नया दूरसंचार अधिनियम

**2561. श्री सुधीर गुप्ताः**
**श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाणः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी), 2024 में किसी विषय का प्रमोचन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त विषय के लक्ष्य और उद्देश्य सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने नए दूरसंचार अधिनियम के नियमों को अधिसूचित करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित/अधिसूचित किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इन नियमों को कब तक अधिसूचित किया जाना अपेक्षित है;

(ङ) क्या सरकार को सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के आधार पर सार्वजनिक और निजी दोनों ऑपरेटरों की दूरसंचार सेवाओं का नियंत्रण सरकार द्वारा लिए जा सकने वाले कुछ उपबंधों के विरुद्ध जनता/ऑपरेटरों की ओर से कुछ कड़ी आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(च) क्या सरकार ने बीएसएनएल द्वारा 4जी सेवाओं के प्रमोचन के लिए निर्धारित लक्ष्य की निगरानी के लिए प्रदर्शन प्रबंधन इकाई (पीएमयू) स्थापित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) जी, हां। इस थीम को दिनांक 18 जुलाई, 2024 को लॉन्च किया गया था।

(ख) "**द फ्यूचर इज नाउ**" थीम प्रौद्योगिकीय विकास के परिदृश्य में भारत की स्थिति को दर्शाती है और यह कि आईएमसी 2024 वैश्विक प्रौद्योगिकी के लीडरों को लामबंद करके आपस में

सहयोग करने और वर्तमान विश्व को बदलने वाली प्रौद्योगिकियों को सक्रिय रूप से सही आकार देगी, जहां भविष्य संकल्पना मात्र नहीं है-वस्तुतः वह साकार हो रहा है।

(ग) एवं (घ) विभाग द्वारा दूरसंचार अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत अधीनस्थ नियमों का मसौदा चरणबद्ध ढंग से तैयार किया जाता है।

निम्नलिखित नियमों का मसौदा जन साधारण द्वारा विचार-विमर्श के लिए प्रकाशित किया गया है:

i) दूरसंचार (डिजिटल भारत निधि) नियम, 2024 का मसौदा

ii) दूरसंचार (मार्ग का अधिकार) नियम, 2024 का मसौदा

iii) दूरसंचार (न्याय निर्णयन एवं अपील) नियम, 2024 का मसौदा

iv) दूरसंचार (वैश्विक समुद्री संकट और सुरक्षा प्रणाली के प्रचालन के लिए वाणिज्यिक रेडियो ऑपरेटर का प्रवीणता प्रमाणपत्र) नियम, 2024 का मसौदा और

v) दूरसंचार (एमेचर स्टेशन ऑपरेटर) नियम, 2024 का मसौदा

(ङ) जन साधारण/प्रचालकों से ऐसे कोई मामले प्राप्त नहीं हुए हैं।

(च) अब तक नहीं किया है।

*****